दैनिक भास्कर 15/02/2023

# जीएमन कॉलेज में शिविर में 100 लोगों ने किया रक्तदान



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में ड्रॉप्स ऑफ चेंज व आश्रय संस्था के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया। यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस यूनिट व एनसीसी की ओर से आयोजित शिविर पुलवामा के शहीदों को समर्पित रहा। प्रबंधक समिति के महासचिव अजय अग्रवाल व प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने मुख्यातिथि सीजेएम सुखदा प्रीतम को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। एनएसएस की ओर से चल रहे 7 दिवसीय कैंप के छठें दिन स्वयंसेवकों ने भी रक्तदान किया। शिविर में 100 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त, डॉ. जोगेंद्र, डॉ. पूजा, डॉ. मुकेश, डॉ. अमित कुमार व डॉ. सुरेंद्र नैन मौजूद रहे।